# पूर्व मध्य रेल
## EAST CENTRAL RAILWAY

कार्यालय
महाप्रबंधक(का)
हाजीपुर

No.ECR-HQ0PERS (RULE)/6/2021(C.N-101949)

- सभी विभागाध्यक्ष / पूमरे / हाजीपुर।
- मुख्य प्रशासनिक अधि0/निर्माण उत्तर एवं दक्षिण/महेन्द्रूघाट/पटना ।
- DRM(P) /पूमरे/दानापुर,डी डी यू,धनबाद,सोनपुर एवं समस्तीपुर
- CWM/पी डी /डीडी यू, यांत्रिक कारखाना/समस्तीपुर एवं CRW/हरनौत ।

**विषय:-**Filling up of ex-Cadre posts of Chief Vigilance Inspector Pay Band Rs.9300-34,800/- Grade Pay -4600(6th PC) 44,900-142400/- (level-07) (7th PC).

**सन्दर्भ:-** GM(P)/Banaras Locomotive Works LetterNo.DLW-BSB0GMP(SPC)/15/2020 Dated-20-12-2022

******

विषयांकित से सम्बंधित संदर्भित पत्र की प्रति सूचनार्थ, मार्गदर्शन एवं अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक : यथोपरि।

(मनोज कुमार चौधरी)
सकाधि/इएसएम
कृते महाप्रबंधक (का0) / हाजीपुर

Digitally Signed by Manoj Ku Choudhary
Date: 09-01-2023 13:52:53
Reason: Approved

**प्रतिलिपि :**- सकाधि (एम.पी.पी.)/पूमरे/हाजीपुर- कृपया पूमरे के वेबसाइट पर अपलोड कराने की व्यवस्था करें।

2441
28 DEC 2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारतीय रेल / Indian Railways
बनारस रेल इंजन कारखाना
Banaras Locomotive Works
वाराणसी - 221004, भारत / Varanasi - 221004, India

**File No:** DLW-BSB0GMP(SPC)/15/2020

कार्यालय: म0प्र0/कार्मिक

दिनांक : २०/12/2022

प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर,प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर,

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,प्रमुख मुख्य इंजीनियर,मुख्य अभिकल्प इंजीनियर बरेका /वाराणसी ।

सीनियर ई.डी.पी.एम०-कृपया अधिसूचना की प्रति को ब0रे0का0 के ऑफिसियल वेवसाईट पर अपलोड़ करवाने की व्यवस्था करें।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक/मुख्य सतर्कता अधिकारी/महाप्रबंधक/कार्मिक,

सभी क्षेत्रीय रेलवे एवं उत्पादन इकाइया,

मेट्रो रेलवे/कोलकाता,आर0डी0एस0ओ/लखनऊ, क्रेन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन,प्रयागराज |

विषय: मुख्य सतर्कता निरीक्षक, पे बैंड रु0 9,300-34,800/-ग्रेड पे-4600, संशोधित वेतनमान 44,900-1,42,400/-(लेवेल -7) के एक्स कैडर पद को चयन द्वारा भरने के संबंध मे।

संदर्भ- उप मु0स0अ0/ब0रे0का0,वाराणसी का पत्र सं0-म0प्र0/सत0/31(मु.सत.निरी.) दिनांक 11/11/2022

*****

सतर्कता विभाग,ब0रे0का0 मे मुख्य सतर्कता निरीक्षक, पे बैंड रु0 9,300-34,800/-, ग्रेड पे-4600 संशोधित वेतनमान 44,900-1,42,400/ (लेवेल -7) के 02 (दो) एक्स कैडर टैन्योर पदो को चयन के माध्यम से भरे जाने हेतु शारीरिक एवं मानसिक रुप से पात्र ,दक्ष् एवं इच्छुक कर्मचारियो (लेखा,कार्मिक एवं सुरक्षा विभाग को छोडकर) से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है जिसकी योग्यता एवं अन्य विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र0 सं0 | पदनाम | पे बैंड एवं ग्रेड पे | पद की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01- | मुख्य सतर्कता निरीक्षक | 9,300-34,800/-ग्रेड पे- 4,600/- संशोधित लेवल -7 | 02 |

2. **चयन हेतु अर्हता /पात्रता** - मुख्य सतर्कता निरीक्षक , पे बैंड रु- 9300-34800 ग्रेड पे -4600 संशोधित वेतनमान 44,900-1,42,400/- (लेवल-7) के पद हेतु पे0 बैड. रु 9,300-34800 ग्रेड पे -4600/-(लेवल-7) या ग्रेड पे - 4200/-(लेवल -06) मे दो वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके कार्यरत कर्मचारीगण (लेखा,कार्मिक एवं सुरक्षा विभाग को छोडकर) आवेदन कर सकते है।

क) शैक्षणिक योग्यता के रूप मे स्नातक या इंजीनियरिग डिप्लोमाधारी होने पर ही चयन में शामिल होने हेतु पात्र होगे ।

ख) अधिसूचना जारी होने की तिथि को रेलवे मे कम से कम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण होनी चाहिए तथा कम से कम 06 वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिए।

ग) सतर्कता/सी॰बी॰आई॰ के दवारा सेवा के दौरान कर्मचारी को कभी भी कोई शास्ति आरोपित न की गयी हो।

प्रमुकाधि
मुकाधि प्रशा
मुकाधि/आईआर
उप मुकाधि/राज
उप मुकाधि/मा
उप मुकाधि/आईआर
वकाधि
सकाधि
विधि अधिकारी
सलाहकार (का)

क्रमश:

घ) रेल सेवा आचरण नियम एवं रेल सेवक अनुशासन एवं अपील नियम का अच्छा ज्ञान होना चाहिए ।

ङ) अच्छे /उत्कृष्ठ सर्विस रिकार्ड वाले उम्मीदवार को चयन मे प्राथमिकता दी जा सकती है।

च) जो उम्मीदवार कंम्प्यूटर प्रशिक्षित या कंम्प्यूटर एवं कार्य -निविदा (Works Contract) का ज्ञान रखते हो, उन्हे चयन मे प्राथमिकता दी जाएगी।

छ) लिखित परीक्षा हेतु सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अंग्रेजी , संगणक ज्ञान जाँच , निविदा संबंधी ज्ञान की भी परीक्षा ली जाएगी।

ज) उम्मीदवार का यदि कोई रिश्तेदार बरेका अथवा सतर्कता विभाग , बरेका या अन्य क्षेत्रीय रेलवे एवं उत्पादन इकाइयो में कार्यरत है तो उनके पदनाम आदि का विवरण देना होगा। यद्यपि यह उम्मीदवार के लिए अयोग्यता नहीं होगी, यह विवरण केवल रिकार्ड के लिए रखा जाएगा।

झ) मुख्य सतर्कता निरीक्षक का पद एक्स कैडर सावधिक पद है लेकिन, प्रशासनिक आधार पर इसकी पदावधि(टेन्योर) बढाई जा सकती है। प्रशासन को यह भी अधिकार होगा की बिना कोई कारण बताये निर्धारित अवधि से पहले भी उनके मूल कैडर मे वापस भी किया जा सकता है।

ञ) चयन के उपरांत चयनित उम्मीदवार का अस्वीकृति विकल्प (Refusal to join vigilance organization) स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

ट) जो कर्मचारी पूर्व मे क्षेत्रीय रेलवे/ रेलवे बोर्ड / उत्पादन इकाई मे सतर्कता विभाग मे सतर्कता निरीक्षक/अन्वेषण निरीक्षक के पद पर अपना निर्धारित कार्यकाल पूरा कर चुके है, आवेदन करने के पात्र नहीं है।

ठ) आशुलिपिकीय कैडर के कर्मचारी इस पद हेतु नियमानुसार पात्र नहीं है।

**3. चयन प्रकिया-**

3.1 उम्मीदवार के चयन हेतु लिखित परीक्षा , सतर्कता अभिरुचि एवं संगणक ज्ञान परीक्षा तथा मौखिक साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा, जिसके लिए उम्मीदवारो को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। चयन के लिए अंको का वितरण निम्नवत है।

| क्र० सं० | शर्तें (Creteria) | अंको का वितरण (Distribution of Marks) |
|---|---|---|
| 01 | लिखित परीक्षा (Written Examination) | 50 |
| 02 | सतर्कता अभिरुचि एवं संगणक ज्ञान परीक्षा (Vigilance Aptitude & Computer Knowledge Test) | 30 |
| 03 | गत तीन वर्षो का वार्षिक गोपनीय रपट (APARs for the last 3 Years.)[OS-5 , VG-4 , GD-3 & Average -2 ] | 15 |
| 04 | शैक्षणिक योग्यता (Academic Qualification ) [Engg. Degree/PG-5, Diploma in Engg. /Graduate-3 & Under Graduate-1] | 05 |
| | कुल | 100 |

जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा (Written Examination) मे 60% (प्रतिशत ) अंक प्राप्त करते है, वे सतर्कता अभिरुचि एवं संगणक ज्ञान परीक्षा (Vigilance Aptitude & Computer Knowledge Test) मे सम्मिलित होने हेतु बुलाए जायेंगे।

नोट-इस चयन हेतु सामान्य चयन के नियम लागू नही होगे |

3.2 भारतीय रेल सतर्कता नियमावली 2018 के पैरा 821.5 के अनुसार सतर्कता निरीक्षकों के चयन के संबंध मे नियमित चयन पदो के लिए सामान्य स्थापना नियम लागू नहीं है।

3.3. रोग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारो के आवेदन पत्र दिये गए प्रारूप मे संबंधित विभाग के नियंत्रक अधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त महाप्रबंधक/कार्मिक,ब0रे0का0वाराणसी कार्यालय को प्रेषित करें | विलंब से प्राप्त आवेदनो पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. आवेदन पत्र भेजने से पूर्व नियंत्रक अधिकारी कृपया निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करे-

4.1 आवेदन पत्र के सभी कॉलम पूर्ण रूप से एवं सही भरे होने चाहिए तथा नियंत्रक अधिकारी से सत्यापित होने चाहिए। एडवांस प्रति मान्य नहीं की जाएगी एवं अधूरी जानकारी होने पर आवेदन पत्र रद्द /निरस्त कर दिये जाए।

4.2 निर्धारित योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों का ही आवेदन पत्र अग्रेषित किया जाए।

4.3 निर्धारित तिथि के पश्चात इस कार्यालय में प्राप्त आवेदनो पर विचार नही किया जायेगा |

5. मुख्य सतर्कता निरीक्षक का पद एक्स कैडर पद है। सतर्कता विभाग मे इस पद पर चयनित उम्मीदवार की वरीयता एवं लियन मूल कैडर मे ही बना रहेगा। इस पद के चयन मे आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है।

नोट: 1. मुख्य सतर्कता निरीक्षक के रूप मे चयनित उम्मीदवार को एक लिखित धोषणा देनी होगी कि सतर्कता विभाग मे चयन से 03 साल के अंदर भी यदि आवश्यकता हुई तो उन्हे वापस कर दिया जाएगा या यदि पद समाप्त हो जाए तो भी उन्हे उनके मूल कैडर में वापस कर दिया जाएगा।

2.बाहय रेलेव उम्मीदवारो को एक लिखित धोषणा देनी होगी कि उनका चयन रेलवे बोर्ड के पत्र सं0-2016/V-I/Insp/1/3 (RBV No.05/2016) दिनांक 27/07/2016 में जारी शर्तो के अधीन होगा |

6. लेखा,कार्मिक एवं सुरक्षा विभाग को छोडकर सभी विभागो में इस अधिसूचना का विस्तृत प्रचार- प्रसार किया जाय।

7. अधिसूचना के साथ Annexure A के रूप मे आवेदन पत्र का प्रारूप संलग्न है ।

8. उपरोक्त उल्लेखित शर्ते पूरी करने वाले इच्छुक कर्मचारी का दिनांक **18/01/2023 को 16:00 बजे** तक निर्धारित प्रारुप **Annexure A** पर आवेदन पत्र **महाप्रबंधक/कार्मिक कार्यालय,बनारस रेल इंजन कारखाना,वाराणसी-221004** में जमा करा दे । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. उपरोक्त पद पर चयनित कर्मचारी की निरंततता(Continuety) अस्थायी पद की अवधि वृद्धि पर निर्भर होगी |

संलग्न- निर्धारित प्रारुप Annexure A |

20/12/22

वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/मु0
कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

**अनुलग्नक-ए**

**मुख्य सतर्कता निरीक्षक, पे बैंड-2, ग्रेड वेतन- रु.4600/- (संशोधित वेतन लेवेल-7) के पद हेतु आवेदन पत्र सह बायोडाटा**

1. पूरा नाम
2. पिता/पति का नाम :
3. पदनाम एवं कर्मचारी संख्या :
4. कार्यस्थल,विभाग एवं रेलवे (दूरभाष/मोबाइल नं0 सहित) :
5. जन्म तिथि :
6. नियुक्ति तिथि :
7. (i) पे बैंड/ग्रेड वेतन/वेतन लेवेल/मूल वेतन :
   (ii) एमएसीपी (यदि प्रदान की गई हो)
8. शैक्षणिक योग्यता :
9. तकनीकी योग्यता (यदि कोई हो) :
10. क्या आप अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित हैं? :
11. क्या आप पूर्व में सतर्कता विभाग में कार्य कर चुके हैं? :
    (यदि हॉ तो विस्तृत जानकारी दें)
12. कार्य करने का अनुभव :

| ग्रेड | वर्ष (समयावधि) | कार्य का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|

13. क्या वर्तमान में D&AR/SPE/VIG केस लंबित है? :
14. (क) वर्तमान/पूर्व के सतर्कता/सीबीआई प्रकरणों में अधिरोपित शास्तियों का विवरण
    (ख) वर्तमान/पिछले 10 वर्ष के दौरान विभागीय/सतर्कता प्रकरणों में अधिरोपित शास्तियों का विवरण
15. क्या आपका कोई संबंधी बरेका या सतर्कता विभाग में कार्यरत है? :
    (यदि हॉ तो विस्तृत ब्यौरा दें)
16. अधिसूचना की तिथि को पूर्ण की गई रेल सेवा की कुल अवधि व शेष अवधि:

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरा/मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण तथा सत्य है एवं आवेदित पद के लिए सभी अहर्ताएँ पूर्ण करता/करती हूँ एवं गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता हैं तथा मेरे ऊपर अनुशासन एवं अपील नियम-1968 के तहत कार्यवाही भी की जा सकती है। मुझे यह भी ज्ञात है कि सतर्कता शाखा में चयन से 03 वर्ष के पूर्व भी यदि आवश्यकता हुई तो मुझे वापस कर दिया जायेगा या यदि पद समाप्त हो जाये तो भी वापस कर दिया जायेगा।मेरे चयन होने की स्थिति में रेलवे बोर्ड के पत्र सं0 2016/V-I/Insp/1/3 (RBV No. 05/2016) दिनांक 27.07.2016 में जारी शर्तें मुझे मान्य हैं।

**प्रतिहस्ताक्षर नियंत्रक अधिकारी** **अभ्यर्थी/उम्मीदवार का हस्ताक्षर**

**विभागाध्यक्ष की संस्तुति** **अनुशंसित/अनुशंसित नहीं (कृपया निशान लगायें)**

**विभागाध्यक्ष का हस्ताक्षर**
**नाम एव मुहर सहित**